## महत्वपूर्ण एवं खास

### पिता के इलाज कराने आये व्यक्ति से लूट, रिपोर्ट दर्ज, 32 हजार नगद व एटीएम कार्ड लूटकर फरार हुए आरोपी

**रायपुर (आरएनएस)।** पिता के ईलाज कराने आये व्यक्ति को डरा धमकाकर हजारों रुपये व एटीएमकार्ड लूटने की रिपोर्ट पण्डरी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बोरिद आरंग निवासी दामेश्वर वैष्णव 40 वर्ष पिता तुलेश्वर वैष्णव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्रवार को अपने पिता की इलाज के लिये खपराभट्टी स्थित मित्तल अस्पताल में भर्ती किया था। अस्पताल के बाहर अपने साथी के साथ पेशाब करने निकला तो यहां पेशाब क्यो किया कहकर उसे डरा धमकाकर एटीएमकार्ड व नगदी 32 हजार रुपये लूटकर दो आरोपी सलमान उर्फ गिट्टी व ईरानी फरार हो गये। पुलिस ने बताया की फरार आरोपी आदतन अपराधी है पहले भी अन्य मामलों में जेल जा चुके है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 392 के तहत अपराध कायम कर पता -साजी कर रही है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, सोने, चांदी व नगदी सहित बर्तन की चोरी

**रायपुर(आरएनएस)।** सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश कर आलमारी में रखी सोने ,चांदी व नगदी रुपये की चोरी किये जाने का रिपोर्ट कबीरनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार एचपीएल कालोनी हीरापुर निवासी मोहम्मद इसराईज 35 वर्ष पिता मोहम्मद इशाक ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि एच.पी.एल.कालोनी जरवाय हीरापुर स्थित घर का ताला तोड़कर किसी चोर ने कमरे के अंदर आलमारी में रखी सोने का टाप्स ,सोने का चैन व गंहू दाना,हार एवं चांदी का पायल ,छल्ला सहित नगदी 45 हजार रुपये ,बर्तन ,सलवार सूट चोरी कर लिया। चोरी गये सभी समान की कीमत लगभग 1लाख 15 हजार रुपये आंकी गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457,380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर जांच में लगी है।

### शराबी ने पत्नी व बेटी से की मारपीट ,बेटे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** शराबी पिता के द्वारा बेटी व पत्नी की डंडे से पिटाई किये जाने की रिपोर्ट बेटे ने उरला थाना में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार कैलाश नगर उरला निवासी सूरज कुमार कुश्वाहा 17 वर्ष पिता कैलाश कुश्वाहा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शुक्रवार की रात पिता कैलाश कुश्वाहा ने अपनी पत्नी संगीता देवी व बेटी चांदनी कुश्वाहा के साथ शराब के नशे में गाली-गलौजकर जाने से मारने की धमकी देते हुये लकड़ी की पटिया से मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294,506बी,323 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### स्कूटी सवार युवती रोड एक्सीडेन्ट में घायल,रिपोर्ट दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** स्कूटी सवार नाबालिग युवती की रोड एक्सीडेन्ट में घायल हो जाने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नवजीवन सोसायटी पचपेड़ीनाका टिकरापारा निवासी कुमारी नैना 16 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि शैलेन्द्रनगर एमपी चाय ठेला के पास तेज रफ्तार वाहन क्रमांक सीजी 04-एलके/8811 का चालक ने स्कूटी क्रमांक सीजी 04-एमएम/8346 से जाते समय टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ धारा 279,337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### युवक से तीन लीटर शराब जब्त

**महासमुंद(आरएनएस)।** रेलवे स्टेशन महासमुंद के पास पुलिस ने एक युवक के कब्जे से तीन लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास एक युवक शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची। घेराबंदी कर ग्राम ओंकारबंद खल्लारी के शिवकुमार परधी पिता दयालु को गिरफ्तार किया।

# स्कूटी सवार चार छात्रों को अनियंत्रित पिकअप ने रौंदा, 3 छात्रों की मौत

**2 गम्भीर रूप से घायल अस्पताल में उपचार जारी , शराब के नशे में था पिकअप ड्राइवर, आरा चौकी इलाके की घटना**



**जशपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के आरा चौकी इलाके में बीती रात एक स्कुटी में चार छात्र सवार होकर आर्केस्ट्रा देखने आरा जा रहे थे।आरा की ओर से तेज रफ़्तार पिकप वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे 2 छात्रों की मौके पर मौत हो गई वही एक छात्र की ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत की खबर है।मृतक छात्र जशपुर बाक़ी टोली के किशोर बताए जा रहे हैं।एक साथ हुई तीन मौतों से परिवार में मातम पसर गया है।

एक परिवार के तीन किशोरों की मौत होने से हर कोई स्तब्ध है।मृतकों में श्रवण भगत पिता कार्तिक भगत 15 वर्ष,चौधरी स्कूल का कक्षा 9वीं का छात्र,अनूज भगत पिता शिवराम भगत 17 वर्ष, अरुण भगत पिता राजनाथ भगत 17 वर्ष, सभी बाक़ी टोली निवासी बताए जा रहे हैं।

### शराब के नशे में धुत्त था पिकप चालक

घटना के समय पिक़अप चालक नशे में धुत्त बताया जा रहा है वहीं एक किशोर को इलाज के लिए अम्बिकापुर रिफर किया गया है।जिला अस्पताल में एक बाइक के तीन लोग भी चपेट में आने की वजह से घायल अवस्था में ज़िला अस्पताल में भर्ती हैं।

### लोगो मे हैं आक्रोश

उक्त घटना को लेकर लोगों में खासा आक्रोश है वहीं इस मामले में पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है ।

## चलती बस से आरोपी ने लगाई छलांग, आरक्षक भी कूदा

**आरक्षकों ने पीछा करते हुए आरोपी को पकड़ा, आरक्षक का पैर फैक्चर**

**महासमुंद (आरएनएस)।** गांजा तस्करी का आरोपी राष्ट्रीय राजमार्ग-53 ग्राम सोनासिल्ली के पास चलती बस से कूदकर फरार हो गया। जिसे पकड़ने के लिए आरक्षक ने भी चलती बस से कूदा, लेकिन आरक्षक घायल हो गया। आरक्षक का बायां पैर फैक्चर हो गया। इसके बाद भी हार नहीं माने और आरोपी का पीछा करते हुए पकड़ लिया। बताया जाता है कि आरोपी बहुत शातिर है। सिंघोड़ा थाना प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि गुरुवार को सात लाख के गांजा के साथ कनकी थाना उरगा जिला कोरबा के रमाकांत राजवाड़े पिता इतवारी (30) को पकड़ा गया था। जिसे न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जिला जेल महासमुंद दाखिल करने आरक्षक लखेश्वर ध्रुव व प्रदीप पाढ़ी मेट्रो बस से ला रहे थे। ग्राम सोनासिल्ली के पास आरोपी रमाकांत चलती बस से छलांग लगाकर कूद गया। आरोपी को बस से कूदते देख पकड़ने के लिए आरक्षक लखेश्वर ध्रुव भी चलती बस से कूद गया।

आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया। बस रुकने के बाद घायल आरक्षक लखेश्वर व प्रदीप दोनों आरोपी का पीछा किए और आखिरकार ग्राम कसहीबाहरा नर्सरी के पास पकड़ा गया। थाना प्रभारी यादव ने बताया कि आरोपी का थाना उरगा में एनडीपीएस के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी शातिर है।

## कलेक्टर के निर्देश पर मीटर रीडिरों ने शुरू किया काम

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के निर्देश पर मीटर रीडरों ने घर-घर जाकर बिजली मीटर रीडिंग का काम प्रारंभ कर दिया है। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को बिजली मीटर रीडिंग कर्मचारियों को घर-घर भेजकर उपभोक्ताओं का बिजली मीटर रीडिंग करने तथा अधिक बिल वाले प्रकरणों का निराकरण हर गांव एवं वार्ड में कैम्प लगाकर निराकृत करने के निर्देश भी दिए थे। कलेक्टर ने जिले में अचानक होने वाली विद्युत कटौती की समस्या को भी दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देष के परिपालन में अपर कलेक्टर श्रीमती प्रियंका महोबिया ने दो दिन पूर्व सभी मीटिर रीडिंग करने वाले मीटर रीडरों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया था। मीटर रीडिंग कर्मचारियों को रीडिंग उपरांत बिल संबंधित क्षेत्र के विद्युत अधिकारियों के समक्ष समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया था।



बिजली बिल की शिकायत दूर करने 25 फरवरी से 29 मार्च तक लगेंगे शिविर विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिलों की शिकायतों को दूर करने 25 फरवरी से 29 मार्च तक 66 शिविर लगाये जायेंगे। तुलसीनगर जोन अंतर्गत 25 फरवरी को रामसागर पारा सामुदायिक भवन, 26 फरवरी को टी.पी.नगर, 27 फरवरी को तुलसीनगर गेरवाघाट सामुदायिक भवन, 28 फरवरी को दुरपा रोड सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी तरह पाड़ीमार जोन अंतर्गत 25 फरवरी को दुर्गा पंडाल पथर्रीपारा, 26 फरवरी को गणेश पंडाल पथर्रीपारा, 27 फरवरी को सीएसईबी पूर्व कालोनी, 28 फरवरी को काशीनगर रवि डेयरी के पीछे पंडाल और दर्री जोन अंतर्गत 25 फरवरी को सामुदायिक भवन कोहड़िया, 26 फरवरी को सामुदायिक भवन रूमगढ़ा, 27 फरवरी को कलमीडुग्गू सामुदायिक भवन और 28 फरवरी को सामुदायिक भवन में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## मार्ग बाधित करने वाले ऑटों चालकों पर हुई कार्रवाई

**0-ऑटों के साथ चालक गिरफ्तार, 0-स्टेशन से निकलने वाले यात्री आये दिन होते है इनकी मनमानी से परेशान**

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेलवे स्टेशन के बाहर रास्ता घेरकर सवारी बैठाने ऑटों चालक बेखौफ कही भी ऑटों खड़ी करके सवारी बैठाते है। जिसके चलते स्टेशन परिसर में आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऑटों चालकों से परेशान यात्रियों ने इसकी शिकायत रेलवे पुलिस से कई बार किया जा चुकी है। शुक्रवार को सड़क किनारे सवारी बैठाने व बेतरतीब ढंग से सवारी बैठाने के लिये स्टेशन परिसर के बाहर आने -जाने का मार्ग को बाधा पहुंचाने पर पुलिस ने अभियान चलाकर ऑटों चालकों पर कार्रवाई किया। मिली जानकारी के अनुसार हाउसिंगबोर्ड कालोनी सेजबहार निवासी राजेन्द्र प्रसाद 30 वर्ष पिता रामचंद्र को स्टेशन चौक के पास ऑटों क्रमांक सीजी 04-एलएन/ 8731 को खड़े करने के चलते जाम लगने पर आरोपी ऑटों चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इसी तरह आटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04-एचजे/ 4755 का चालक राघवेंद्र तिवारी पिता उमाकांत उम्र 32 साल निवासी साहूपारा खमतराई रायपुर को मार्ग बाधित करने के जुर्म में गिरफ्तार किया है। व ऑटो रिक्सा क्रमांक सीजी 04-एलजेड/8368 का चालक गिरिश कुमार पिता छोटेलाल उम्र 36 साल निवासी 7 ब्लाक माना कैम्प रायपुर को आवागमन बाधा पहंचाने के जुर्म गिरफ्तार किया है।



## भिलाई-दुर्ग में स्वाइन फ्लू ने पसारा अपना पैर




**भिलाई- रायपुर (आरएनएस)।** डेंगू का भयानक दंश झेल चुके भिलाई-दुर्ग इलाके में अब स्वाइन फ्लू ने अपना पैर पसार लिया है। लगातार हो रही मौतों के बाद अब जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने भी मान लिया कि जिले में इस बीमारी का प्रकोप फैल गया है। विभाग की ओर से जिले के दो पैथालाजी लैब को जांच के लिए अधिकृत कर दिया है।

दुर्ग जिले में पिछले 50 दिनों में स्वाइन फ्लू के 12 नए मरीज मिले हैं, जबकि संदिग्ध मरीजों की संख्या अब करीब 50 के आसपास पहुच रही है। जिला प्रशासन की ओर से जिले के दो पैथालाजी लैब को स्वाइन फ्लू की जांच के लिए शासन की गाइड लाइन पर 3250 रूपए शुल्क लेकर जांच करने के लिए अधिकृत कर दिया है। इसके अलावा उपचार के लिए दो अस्पतालों को भी चिन्हित किया गया है तथा उन्हें भी बीमारी की रोकथाम के लिए हर तरह से सहयोग करने कहा गया है। ज्ञात हो कि भिलाई-दुर्ग में इसके पूर्व डेंगू ने कहर बरपाया था और इस बीमारी के चलते भी कई लोगों को अपनी जान गंवाना पड़ा था।

## अंतागढ़ टेप कांड : फिरोज सिद्दीकी ने मूणत का हाथ होने से किया इंकार

**रायपुर(आरएनएस)।** अंतागढ़ टेप मामले में फिरोज सिद्दीकी ने मिडिया से बात करते हुए इस मामले में राजेश मूणत के सामने होने से इंकार कर दिया। सिद्दीकी ने पूर्व मंत्री राजेश मूणत को पाकसाफ बताते हुए कहा कि इस पूरे मामले में राजेश मूणत की कोई भूमिका नहीं है। ज्ञात हो कि अंतागढ़ टेप कांड में मुख्य गवाह बनाये गए फिरोज सिद्दीकी को एसआईटी ने शुक्रवार को पुनः बयान देने के लिए बुलाया था। बयान देने पहुंचे फिरोज ने बयान देने से पूर्व मिडिया से चर्चा करते हुए इस मामले में पूर्व मंत्री राजेश मूणत को पाकसाफ बताते हुए कहा कि इस पूरे मामले में राजेश मूणत की कोई भूमिका नहीं है। फिरोज ने किरणमयी नायक द्वारा दर्ज कराई स्रढ्क्र में बाकी चार आरोपियों अजीत जोगी, अमित जोगी, डॉ. पुनीत गुप्ता और मंतुराम पवार को अंतागढ़ टेप मामले में संलिप्त बताया है। यही नहीं फिरोज सिद्दीकी ने कहा कि वह धारा 164 के तहत बयान देने के लिए भी तैयार हैं।

## जेल में बंद आरोपी की तबियत बिगड़ी , अस्पताल में मौत, परिजन द्वारा सी बी आई जांच की मांग

**गरिया बन्द (आरएनएस)।** हिरन के सींग की तस्करी के आरोप में जेल में बंद लीलाराम पिता तुलाराम मरकाम की तबियत बीते दिनों खराब हुआ जिसका जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर रायपुर रेफर किया गया था परन्तु बीते गुरुवार को उसकी मौत रायपुर के मेकाहारा में हो गई वही उस मौत को अप्राकृतिक मानते हुए मृतक के परिजनों सहित विभिन्न समुदाय के लोगो द्वारा मौत के कारण का सी बी आई जांच और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा की मांग को लेकर प्रशासन के खिलाफ पुतला दहन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपे ।ज्ञात हो कि बीते 10 फरवरी को छुरा वन विभाग को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम रसेला के आश्रित ग्राम बेलडीहि निवासी लीलाराम पिता तुलाराम मरकाम के द्वारा हिरन का सिंग बेचने के लिए ग्राहक का तलाश किया जा रहा ,इस सूचना के आधार पर वन विभाग अपनी कार्यवाही करते हुए आरोपी के घर दबिश देते हुए जांच पड़ताल किये और छै नग हिरन का सिंग बरामद कर कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भे दिया गया ,जहां 18 फरवरी की रात 2 बजे उक्त आरोपी लीलाराम को उल्टी दस्त और शरीर मे अकड़न होने लगा जिसका जिला अस्पताल में उपचार कर रायपुर भेजा गया परन्तु आरोपी के परिजनों को उसकी तबियत खराब होने और रायपुर में भर्ती किये जाने की जानकारी काफी देर बाद दिया गया और इलाज के दौरान ही बीते गुरुवार को आरोपी की मौत रायपुर में हो गया इस बात की जानकारी भी परिजनों को दूसरे के माध्यम से दिया गया।

## हाथियों ने तोड़े विद्युत खंभे, दर्जनों गांवों में अंधेरा

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाथियों के विचरण से जान-माल का खतरा बना हुआ है। कटघोरा वनमंडल में हाथियों ने उत्पात मचाया है। खबरों के मुताबिक बड़ी संख्या में हाथी वन मंडल कटघोरा के जंगल में डेरा जमाए हुए हैं। गुरूवार की रात 12 बजे चोटिया क्षेत्र के ग्राम नवापारा में हाथियों ने भारी उत्पात मचाकर ग्रामीण शमशाद खान की बाड़ी में लगे केला, अमरूद व अन्य सब्जी के पौधों को तहस-नहस कर उजाड़ दिया।



## दर्द भरी कपिंग थेरपी बढ़ाएगी आपकी खूबसूरती

इन दिनों महिलाएं अपने लुक और खूबसूरती को लेकर काफी कॉन्शस हो गई हैं। बसूरत और जवां दिखने के लिए वह क्या-क्या नहीं करती। आजकल कई ऐसे ब्यूटी ट्रीटमेंट और थेरपीज भी मौजूद हैं जो आपको खूबसूरत बनाने के साथ-साथ स्किन को जवां और हेल्दी रखने का दावा करते हैं। लेकिन इनमें से ज्यादातर थेरेपीज में काफी दर्द होता है। बॉलिवुड दीवाज से लेकर नॉर्मल लोग भी अपनी खूबसूरती निखारने के लिए दर्द सहने को तैयार हैं और इन थेरपीज को करवाते हैं। यहां हम बात कर रहे हैं कपिंग थेरपी की। तो आखिर क्या है कपिंग और इसे कैसे किया जाता है, यहां जानें...

**क्या है कपिंग थेरपी-** कपिंग थेरपी के लिए शीशे का कप इस्तेमाल करके वैक्यूम पैदा किया जाता है जिससे कि कप बॉडी से चिपक जाए। अब इसके लिए मशीन का इस्तेमाल होता है। कपिंग करने के तीन से पांच मिनट बाद दूषित खून जमा हो जाता है। जमा हुए गंदे खून को शरीर से निकाल दिया जाता है। इस थेरेपी के बाद स्किन ग्लो करने लगती है। इस थेरेपी में फेस पर दोनों गाल, माथे और चिन पर कपिंग की जाती है। अगर हेल्थ से जुड़ी समस्या के लिए कपिंग थेरपी ली जाती है तो जिस पॉइंट पर बीमारी की पहचान होती है वहीं पर कपिंग की जाती है। अगर बीमारी अपने शुरुआती स्टेज में हो तो दो सीटिंग में बीमारी खत्म हो जाती है। कपिंग थेरेपी में सबसे पहले ऐक्यूपंचर स्पेशलिस्ट रुई के गोले को शराब में भिगोकर कांच के छोटे कप में रखकर इसमें आग लगा देते हैं। इसके बाद आग को बुझाकर गर्म कप को स्किन पर रखकर कुछ देर के लिए छोड़ दिया जाता है।

**बॉलिवुड दीवाज को भी पसंद है यह थेरेपी-** उर्वशी रौतेला खुद को खूबसूरत बनाएं रखने के लिए फायर कपिंग थेरेपी का सहारा लेती हैं। इस थेरेपी के दौरान एक्यूपंचर स्पेशलिस्ट कॉटन के गोले को पहले शराब में भिगोकर कांच के छोटे कप में रखकर आग लगा देते हैं। इसके बाद आग को बुझाकर उस गर्म बर्तन को तुरंत स्किन पर रख दिया जाता है। इससे स्किन टिशू को ऑक्सीजन मिलती है, जिससे त्वचा ग्लोइंग दिखाई देती है।

## जैकलिन फर्नांडिस ने श्रीदेवी के इस लुक को बताया आइकॉनिक




इस रविवार (24 फरवरी) को ऐक्ट्रेस श्रीदेवी को इस दुनिया से गए हुए 1 साल पूरा हो जाएगा। अचानक हुई उनकी मौत पूरे देश को सदमा दे गई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान ऐक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडिस ने उनको याद किया और बताया कि श्रीदेवी हमेशा क्यों स्टाइल आइकॉन रहेंगी।

जैकलिन ने कहा कि वह हमेशा स्टार रहेंगी क्योंकि वह ट्रडिशनल से लेकर मॉडर्न तक आसानी से हर लुक में फबती थीं। जैकलिन ने कहा कि मिस्टर इंडिया के गाने काटे नहीं कटते का उनका साड़ी में लुक तो आइकॉनिक है।

वर्क फ्रंट पर बात करें तो जैकलिन तरुण मंसुखानी की फिल्म ड्राइव में सुशांत सिंह राजपूत के अपॉजिट नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने कार्तिक आर्यन के साथ भी एक फिल्म साइन की है।

## फिल्मों के बाद अब रियल लाइफ में भी रेडियो जॉकी बनने जा रही हैं विद्या बालन



लगे रहो मुन्ना भाई और तुम्हारी सुलु के बाद विद्या बालन अपनी इन फिल्मों के किरदार को अब रियल लाइफ में जीने के लिए भी तैयार हैं। जी हां, फिल्मों में रेडियो जॉकी का किरदार निभा चुकीं विद्या बालन अब अपना चैट शो लेकर हाजिर हो रही हैं, जो मार्च से शुरू होनेवाला है।

बता दें कि अपने इस चैट शो के लेकर पिछले कुछ दिनों से रेडियो स्टेशन के साथ उनकी बातचीत चल रही थी और फाइनली उन्होंने इस चैट शो को साइन कर लिया है। सूत्र की मानें तो जल्द ही विद्या अपने इस शो के लिए रेकॉर्डिंग भी शुरू करने वाली हैं। उन्होंने बताया कि वैसे तो यह तीन महीने का कॉन्ट्रैक्ट है, लेकिन जैसा कि उम्मीद है...यदि ऑडियंस का रिस्पॉन्स अच्छा हुआ तो इस कॉन्ट्रैक्ट को आगे बढ़ाया जा सकता है। सूत्र ने बताया कि इस तरह के चैट शो को शुरू करने के पीछे आइडिया यह है कि फीमेल कॉलर्स अपने साथ हुई घरेलू हिंसा की घटनाओं, वैवाहिक जीवन में होने वाले बुरे बर्ताव जैसी मुद्दों पर वे खुलकर बात कर सकें।